amaan.cooldude18
राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 संख्या 390
पिरामिडों की रानी
नागराज
मुफ्त
नागराज का एक पोस्टर
TM
नागराज सीरीज

नागराज और पिरामिडों की रानी

लेखक: तरुण कुमार वाही
सम्पादक: मनीष चंद्र गुप्त
कथानिर्देशक: प्रताप मुलीक
चित्र: चन्दू
सुलेख: उदय भास्कर

भारत - एवन फूड इंडस्ट्रीज लिमिटेड !! विशेषरूप से बच्चों के लिए बनी पौष्टिक एवं अतिस्वादिष्ट डबलरोटी 'जेप्सी' के वितरण के लिए फैक्टरी से बाहर निकला कम्पनी का वह ट्रक !!
ONE FOOD IND
JEPSI
और पप्पू बेकरी पर मची थी धूम -
PAPPU BAKERY
JEPSI
जेप्सी
जेप्सी
जेप्सी लाओ
सिर्फ एक दिन पहले बाजार में आई 'जेप्सी' के दीवाने, ये बच्चे -
यही है RIGHT CHOICE BABY! AHA!
मीठी मीठी!
जेप्सी
जेप्सी
जेप्सी लाओ!
शांत !! शांत !! 'जेप्सी' का ट्रक आता ही होगा जेप्सी-ब्रेड लेकर लो वो आ गयी जेप्सी।

हाथों-हाथ बिकी जेप्सी !
पता नहीं एक ही दिन में बच्चे इतने दीवाने क्यों हो गए हैं जेप्सी के !
जेप्सी खाओ, खुद जान जाओ। टेन-टेन-टेनेन
और उस शाम शहर में हंगामा मच गया –
??
वह ट्रक आ रहा है। मुझे उस ट्रक के नीचे कुचलना है।
जरा भी तो खौफ नहीं खाया था मासूम ने –
धड़ाक
आह आऽऽ
कैसा करिश्मा था? कैसी थी ये विडम्बना?
निशि! मेरा लाल! मेरा बच्चा।
आत्म हत्या? इसने आत्महत्या की है?
इतना छोटा बच्चा आत्म-हत्या के बारे में सोच भी नहीं सकता।
जितने मुंह उतनी ही बातें –
ठीक कहते हो। यह सरासर उस ड्राइवर की लापरवाही का नतीजा है।
मैंने उसका नम्बर नोट कर लिया है। पुलिस को फोन करो कोई।
क्या यह वाकई आत्महत्या थी?

अगर वह आत्महत्या नहीं थी तो ये क्या था?
फांसी का फंदा! मुझे झूल जाना है इस फन्दे से।
उसी की तरह यह मासूम खुद ही झूल गई थी फांसी के फंदे से।
रुचि! मेरी बच्ची! नहीं! आह!

इंस्पेक्टर मोहन भण्डारी का बेटा—
पापा के सर्विस रिवॉल्वर की एक गोली मुझे सदा की नींद सुला देगी।

नवीन बेटे! उफ! यह क्या किया इसने?
धांय

तक्षशिला स्कूल-लैब के विद्यार्थी-
मिस्का की तरह क्यों न पी जाऊं मैं ये सल्फ्यूरिक एसिड।

और तूफान मच गया लैब में। चीख पड़े लैब इंचार्ज मिस्टर गणेश —

अरे बेटा, जोहै, वो पिम्का नहीं, सल्फ्यूरिक एसिड है... उफ...!

ओह!

उफ! यारों को क्या सूझी आत्महत्या की?

भारत के कोने-कोने से आ रहे थे बच्चों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार।

यूरोप-बुलगारिया की राजधानी, सोफिया —

सोफिया झील की ओर बढ़ रहा था बच्चों का वह झुण्ड-

झील में डूबकर मरना है मुझे।

सोफिया झील बनेगी मेरी कब्र।

JEPSI

उफ! आत्महत्या करने का कैसा भूत सा सवार था बच्चों पर!

छपाक

छपाक

अरे, ये बच्चे झील में क्यों कूद रहे हैं?

पलक झपकने ही झील पर मातम का सा दृश्य दिखने लगा।

फ्रांस की राजधानी पेरिस-
JEPSI

विश्व का एक आश्चर्य-एफिल टॉवर।

नन्हे-मुन्नों की यह टोली क्या सोच रही है
इतनी ऊंचाई से गिर कर एक ऐतिहासिक मौत मिलेगी मुझे।
एफिल टॉवर से गिर कर मैं सचमुच जिन्दा नहीं बचूंगा।

और चीखें निकल गईं अन्य पर्यटकों के मुंह से-
बच्चे एफिल टॉवर से कूद गए हैं।
बच्चों द्वारा आत्महत्या।

एशिया-स्थान हांगकांग-
JEPSI
अगर मैं ये बोट दूसरी बोट से टकरा दूं... तो मेरे जिस्म के चीथड़े उड़ जायेंगे। वाह! यह होगी एक शानदार मौत।

चिथड़े ही तो उड़ा लिये थे उसने अपने जिस्म के—
धड़ाम
कुवैत - स्थान, अलकुवैत।
अरे!
कार के पेट्रोल टैंक में डाल दो सुलगती हुई तीली। और हो जाओ अल्लाह को प्यारे
AK 717
बारूद के समान फट गई कार।
हंसते-हंसते खुद को मांस के लोथड़ों में बदल लिया था मौत के उस दीवाने ने।
विश्व के छोटे-बड़े देश हैरान थे। दुनिया भर के बच्चों पर यह कैसा पागलपन सवार हो गया था।
आत्महत्या
SUICIDE
बच्चों द्वारा आत्महत्याओं की बाढ़ सी आ गई थी। विश्व की जासूसी एजेंसियां एकाएक सक्रिय हो उठीं।
I'LL KILL MY SELF!
लेकिन परिणाम शून्य

नागराज !
प्रोफेसर नागमणि का आविष्कार !
बाबा गोरखनाथ का शिष्य !
मानवता का रक्षक !
जिसके जिस्म में वास करते हैं सैकड़ों सर्प उसके इशारे पर जुर्म की दुनिया में खलबली मचा दें जो।
लेकिन आज खुद नागराज के मन-मस्तिष्क में मची थी खलबली !
इतना बेचैन ! इतना स्तब्ध कभी न रहा था नागराज !
विश्व के मासूम कर्णधारों द्वारा आत्महत्या की प्रवृत्ति के जन्म लेने के पीछे कौन सी शैतानी शक्ति है, मुझे पता लगाना है उसका।

इटली के उत्तर में बसा (बीस हजार की कुल आबादी वाला) विश्व का सबसे छोटा देश सान-मेरिनो !
होली-क्राइस्ट पब्लिक स्कूल की वह बस छात्र छात्राओं को लेकर अपना रोजाना का सफर तय कर रही थी...
HOLY CHRIST PUBLIC SCHOOL
–कि मुसीबत ने अपना भयंकर जबड़ा फैला दिया–
तड़ाक
हम एक शानदार मौत चाहते हैं!
आह!
और हमें मिलेगी एक शानदार मौत ही...!
बस में मच गई चीखो-पुकार! मौत के आतंक से जड़ हो गए थे अन्य छात्र-छात्राएं, जिन्हें मौत की चाहत नहीं थी।
ये... ये क्या किया तुमने? ड्राइवर को मार डाला।
बस रोको! बस रोको!
बस खाई की ओर जा रही है। उफ।

ढलवां सड़क पर तूफान सी गति पकड़ली थी बिना ड्राइवर की बस ने –
हा-हा-हा! कुछ पल बाद मिलेगी एक शानदार मौत..!
HELP! HELP!
सावधान! आगे पुल क्षतिग्रस्त है!
OH, GOD! HELP US!
कई मासूम जिन्दगियों और उनकी मौत के बीच था केवल कुछ ही मीटर का फासला!
जिसे बढ़ने न दिया था नागरस्सी ने –
शुऽऽसाय
TOURIST
नागरस्सी, जिसका अर्थ था - नागराज की मौजूदगी
अगर मुझे एक पल देर हो जाती तो बस गहरी खाई में जा गिरती।
मौत की दहशत से थरथर कांपते बच्चे –
अरे!
ये बस कैसे रुक गई?
शानदार मौत का सपना किसने तोड़ा?

वह रहा हमारा मददगार।
नागराज! ये तो नागराज है।
I'LL KILL NAGRAJ!
प्रसन्नता से चीखते हुए बच्चे बस से नीचे उतरे –
जिन्दगी की मुस्कान खिल उठी है बच्चों के चेहरों पर।
नागराज!
नागराज!
नागराज! बस में अब कोई नहीं रहा।
ओह!
नागराज ने सर्परस्सी वापस खींच ली –
हमारा यही हाल होना था नागराज! अगर तुम ठीक वक्त पर नहीं आते।
भगवान ने तुम्हारी पुकार मुझ तक पहुंचा दी थी बच्चो!
यहां इस क्षण की तो कल्पना भी नहीं की थी नागराज ने –
I'LL KILL YOU NAGRAJ! I'LL KILL YOU!
आह!

घेर लिया नागराज को शैतान बच्चों ने –
नागराज! हमें बचाने का इनाम हम तुम्हें अवश्य देंगे।
तुम्हारी मौत नागराज!
??
सावधान नागराज। ये सभी मौत चाहते हैं। इन्हीं के कारण हम सब मुसीबत में फंसे थे।
ये आत्महत्या करना चाहते हैं।
बुरी तरह से चौंक पड़ा नागराज
आत्महत्या? ओह!
सब एक साथ टूट पड़े नागराज पर –
इन मासूमों पर वार नहीं कर सकता मैं। पता नहीं कौन सी शक्ति से वशीभूत ये आत्महत्या करने पर उतारू हैं।
नागराज ने उन्हें बेहोश कर देना ही उचित समझा किन्तु –
हल्की विष-फुंकार इन्हें बेहोश कर देगी।
नहीं, हमें
बेहोश नहीं
हमें मर जा

इस दृश्य की तो कल्पना भी नहीं कर सकता था नागराज –

काट खाओ।

नागराज के जिस्म में साइ-नाइड से भी भयंकर विष है।

काटो

दाँत गड़ा दिये चारों बच्चों ने नागराज के शरीर पर।

ठगा सा खड़ा रह गया नागराज।

उफ!

भयंकर विष समाता चला गया था उनके जिस्मों में।

पिघलते चले गए तीक्ष्ण विष के प्रभाव से शरीर उन मासूमों के

आत्महत्या का जुनून सवार था इन पर तो।

नागराज ये सब मारे गये ?

मैं जानती थी वे खुद को खत्म कर लेंगे।

किन्तु मेरा ही जिस्म इनकी मौत का कारण बन गया।

...लेकिन कब आती है और कब बिक जाती है जेप्सी पता ही नहीं चलता।
जेप्सी
अचानक सी जन्म लेने लगी नागराज के मस्तिष्क में-
तुममें से आज किस किसने खाई जेप्सी ब्रेड?
मैंने नहीं नागराज।
मैंने भी नहीं।
इन सबों ने खाई थी जेप्सी ब्रेड।
ओह वो बच्चे, जिन्होंने मेरे देखते ही देखते मौत को गले लगा लिया...उफ! कहीं जेप्सी में ही तो कुछ गड़बड़ नहीं है?
शुक्रिया नन्हे दोस्तो, तुम्हारा बहुत-बहुत शुक्रिया, नागराज को सोचने की एक दिशा दी तुमने।
खलबली सी मचने लगी उसके जेहन में।
एवन फूड इंडस्ट्रीज, सान मेरिनो!
जेप्सी फूड इन्डस्ट्रीज के कम्पाउन्ड में बने उस छोटे से 'रन-वे' पर कोई 'यान' भी उतर सकता है।
जूंऽऽऽ

यूरोप का सबसे खतरनाक गैंगस्टर 'डान' था उस यान में -
'सर - डॉन' का स्वागत है !
कहो फ्रांसिस्को! कैसे हो ?
सर डॉन और इसके यान के विषय में जानने के लिये पढ़ें - 'नागराज और ताजमहल की चोरी'

अच्छा हूं सर डॉन, लेकिन कमाल का है आपका ये यान। प्रकाश की गति से चलता है, यहां तक कि राडार तक इसके मामले में धोखा खा जाते हैं।
इसके बिना हम अधूरे हैं फ्रांसिस्को! दुनिया भर में 'जेप्सी' केवल यान-मेरिनो में बनती है ...

... जेप्सी की डिलीवरी के लिए हमें एक घण्टे में पूरे संसार का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जोकि इस यान के बिना मुश्किल ही नहीं असम्भव है।

आज हमें जेप्सी की फुल रिपोर्ट लेनी है विश्व भर में फैले अपने एजेंटों से।
सब लोग रिपोर्टिंग रूम में आपका ही इंतजार कर रहे हैं, सर डॉन!

ओह!
REPORTING ROOM

स्वागत है सर डॉन, आपका!
बैठ जाइये, बैठ जाइये!
स्वागत है सर डॉन, आपका!

सब लोग अपने-अपने एरिया की जेप्सी रिपोर्ट पेश करें।

सर डॉन! भारत में धूम मचा दी है जेप्सी ने। बच्चे पागलों की तरह ढूंढ रहे हैं जेप्सी। अगर एक फैक्टरी वहां लगा दी जाए तो सारी उपाय शीशियां अकेले भारत में ही खप जाएंगी।

गुड!

बुल्गारिया के बच्चों का भी यही हाल है सर डॉन!

पेरिस में तो रात को ही प्रतीक्षारत बच्चों की पंक्तियां लगनी आरम्भ हो जाती हैं सर डॉन!

हांगकांग में तो बच्चों में जंग ही छिड़ गई जेप्सी पाने के लिए।

सर डॉन! आखिर जेप्सी में ऐसा क्या है कि दुनिया भर के बच्चे पागल से हो गए हैं इसे पाने के लिए?

सचमुच। आज तक किसी ब्रैंड के पीछे इतना पागलपन नहीं देखा मैंने बच्चों में।

जवाब में सर डॉन ने लगाया एक विजयी अट्टहास –

हा हा हा हा

सर डॉन से प्रश्न करने की हिम्मत कैसे पड़ी तुम्हारी ?

स... सॉरी सर डॉन !

अगले ही पल कठोर हो गई इसकी मुस्कान –

अब आप लोग जा सकते हैं। समय पड़ने पर हम फिर आपको यहां बुलाएंगे।

मीटिंग समाप्त की सरडॉन ने–

अपने यान की तरफ बढ़ा सर डॉन –

अच्छा फ्रांसिस्को! इस समय एक बेहद जरूरी कार्य से हमें मिस्र के पिरामिडों में पहुंचना है।

तब तक इच्छा-शक्तियों की नई खेप तैयार हो चुकी होगी सर डॉन!

इधर उड़ा सरडॉन का वह अनोखा यान। और इधर एवन फूड इण्डस्ट्रीज के ऊपर मंडराया काल! नागराज!

जिप्सी ब्रेड में ऐसा क्या है कि बच्चे पागल हो गए हैं इसके पीछे।

जेप्सी की तह तक पहुंचना होगा मुझे।
नागराज!
फ्रांसिस्को के होश उड़ गए थे उस इन्सान को देखकर।

नागराज ने पुकारा तो सांस तक रुक गई उसकी-
ऐ! सुनो। क्या नाम है तुम्हारा?
फ... फ्रांसिस्को।
नागराज यहां क्या करने आया है? उफ!

एवन फूड इण्डस्ट्रीज के मालिक से मिलना है मुझे।
आओ मेरे साथ।
यह स्न-वे क्यों बना है यहां?
नागराज की निगाह से छिपाकर वह कलाई घड़ी का एक गुप्त बटन दबा चुका था।

ये मुझे पहचान चुका है। इसके चेहरे की घबराहट इस बात की चुगली खा रही है। इसका मतलब मैं ठीक जगह पर आ पहुंचा हूं।
आओ नागराज।
ये कहां ले जा रहा है मुझे?

और बस। यहीं चूक गया नागराज।
उफ!
चारों तरफ से बरस पड़ीं गोलियां ही गोलियां -
आंह! धोखा।
लहराया हैण्डग्रेनेड -
पूरा इंतजाम है। उफ!
शैतानों ने घेर लिया नागराज को -
हा हा हा नागराज! यहां आकर अपनी मौत बुला ली है तुमने।
सर डॉन को नागराज का सिर उपहार स्वरूप देंगे।
नागराज। बचा मेरा वार। क्योंकि मुझे दूसरा वार करने की जरूरत नहीं पड़ती।
अपने सिरों की चिन्ता नहीं है क्या तुम्हें, मूर्खों!
नागराज का सिर काटना तुमने बच्चों का खेल समझ लिया है क्या बच्चे?

धड़
उह्ह
सब मिलकर खत्म कर दो नागराज को।
नागराज भी जल्दी में था –
आजतक नागराज का नाम ही सुना था सबने। आज उसकी शक्ति का प्रदर्शन पहली बार देख रहे थे सब।
सांप
सांप
फूं
मेरा शिकार तुम सब नहीं हो। सर डॉन का नाम सुनते ही समझ गया था मैं।
मेरी गन।
क्यों फ्रांसिस्को? यहां आकर किसने अपनी मौत बुला ली?
म... मैंने? उफ... मैं सांप... इन्हें हटाओ नागराज।

जरूर हटा लूंगा। सरडॉन यहां क्या गुल खिला रहा है, पहले तुम ये बताओ।
सच नागराज! हमें इस बारे में कुछ नहीं मालूम
सरडॉन यहां से पूरे संसार में 'जेप्सी' ब्रेड डिलीवर कर रहे हैं। इससे ज्यादा हममें से कोई नहीं जानता नागराज!
इस समय कहां है सर डॉन?
म... मिस्र के पिरामिडों में!
दूसरा जबरदस्त झटका लगा नागराज को।
मिस्र के पिरामिड!
...सरडॉन वहां पिरामिडों में क्या कर रहा है?
और फिर जब नागराज वहां से चला तो एक्स फूड इण्डस्ट्रीज का जर्रा-जर्रा पुलिस के कब्जे में था।
फ्रांसिस्को और सर डॉन के उन सब एजेन्टों की लाशें पुलिस को मिल चुकी होंगी।

एक बार फिर मंडरा रहा था नागराज मिस्र के पिरामिडों की धरती के ऊपर –
पिरामिडों की धरती के चप्पे-चप्पे से वाकिफ है सौडांगी। सरडॉन तक वही ले जायेगी मुझे।

पिरामिडों के उस रहस्यमय संसार के गर्भ में –
जो आज 40 शताब्दियों से भी अधिक वर्षों से सम्पूर्ण विश्व के लिए रहस्य बने हुए हैं।

सर ग्रीन! आपका स्वागत करती है पिरामिडों की रानी फराओं के राजा महान तूतेन खामन की अर्धांगिनी... रानी आंखेंसामन!

आंखों को चुंधिया देने वाले प्रकाश में प्रकट हुई पिरामिडों की रानी।

आज तक उसकी आवाज ही सुनी थी सर ग्रीन ने। आज पहली बार पिरामिडों की रानी को देखकर भौंचक्का सा हो उठा वह –
पिरामिडों की रानी आंखेंसामन को सर ग्रीन का प्रणाम!

हम तुम्हारे काम से बेहद प्रसन्न हैं सर ग्रीन
तुमने।

राज कॉमिक्स

लेकिन अभी मुझे सैकड़ों बच्चों की बलि और चाहिए सर डॉन ! तुम्हें जेप्सी का 'और' जाल फैलाना पड़ेगा।

पिरामिडों की रानी ! मेरे यहां आने का कारण जादुई भस्म का खत्म होना है।

मुझे जेप्सी में मिलाने के लिए ताबीजों की और भस्म चाहिए।
इसी भस्म का तो कमाल है कि बच्चे हंसते - हंसते मौत को गले लगा लेते हैं।

तुम्हें यहां आया देखकर ही हम यह बात समझ गए थे सर डॉन ! आओ हमारे साथ।

रानी आंखेनयामन एक बन्द ताबूत के निकट पहुंची -
स्वामी तूतेन खामेन की ममी का ताबूत है ये सर डॉन !
तुम्हारी दुनिया के लोगों ने स्वामी की नींद में खलल डाल कर गुनाह किया है। उनकी ममी को प्रदर्शन की वस्तु बना कर रख दिया है

और नागराज ! जिसने जादू के शहंशाह महान तूतेन खामेन को अनावरित करके और भी बड़ा अपराध किया है।...
ये सब जानने के लिए पढ़ें 'नागराज और जादू का शहंशाह'

–जिसका भयानक दण्ड मैं स्वयं दूंगी नागराज को–। पर इससे पहले मुझे महान तूतेन खामेन को देना है सम्पूर्ण मानव शरीर!
यह देखो सरडॉन! तुम भी देखो, स्वामी तूतेन खामेन को–
...जीवित होना है अभी इन्होंने।
महान तूतेन खामेन को जिस्म लौटाने के लिए अभी सैकड़ों बच्चों की बलि की और आवश्यकता है सरडॉन! अन्यथा अभी कई और वर्ष लग जायेंगे इन्हें अपना जिस्म प्राप्त करने में!
इस काम की एवज में तुम्हें मिलेगा महान तूतेन-खामेन का पूरा खजाना।
आप फिक्र न करें पिरामिडों की रानी! मैं इस काम को पूरा करने में दिन-रात एक कर दूंगा। आखिर महान तूतेन खामेन हमारे भी मित्र हैं।
पढ़ें – नागराज और ताजमहल की चोरी
रानी आंखेसामन ने अपनी कमर पर बंधी एक पोटली उतारकर उछाल फेंकी सरडॉन की ओर
तो फिर यह जादुई भस्म रखो सरडॉन, और जेम्सी को और अधिक प्रभावित करो। ताकि और बच्चे आत्महत्या को प्रेरित हों।

लेकिन यह क्या? भस्म तो पहुंच गयी किसी और हाथ में।
नागराज के रहते तेरा ये स्वप्न कभी पूरा नहीं होगा पिरामिडों की रानी!
नागराज! ये कहां से आ मरा।
नागराज!
सर डॉन! विश्व के सैकड़ों मासूम बच्चों के कत्ल का जिम्मेदार तू भी है।
नागराज! तुम यहां से बच कर नहीं जाओगे।
सर डॉन ने अप्रत्याशित रूप से प्रहार किया नागराज पर—
उफ!
धड़
यह देख क्रोध से पागल हो उठी औडांगी—
तूने नागराज पर प्रहार किया दुष्ट सरडॉन! औडांगी का कहर। तुझे झेलना पड़ेगा अब।
औडांगी के जिस्म पर उगे सैकड़ों कांटे चुभ गए सरडॉन के जिस्म में-
दर्द कैसा लगता है सरडॉन?

नहीं नागराज ! कुछ नहीं होगा तुम्हें !
आह !
चंट चंट
कमीनी... दुष्टा !
आह !

तीक्ष्ण विष के प्रभाव ने चींटों को जला दिया –

कुछ क्षणों बाद आजाद खड़ा था नागराज ऐसे चींटों की कैद से –

अब आंखें-सामन तू बच ना पायेगी मुझसे।

आंखेंसामन के शरीर से लिपट गए नागराज के जिस्म में वास करने वाले सैकड़ों सर्प –

नहीं उफ़! बचाओ...

मुझे तो तेरे जैसे चींटे मौत न दे सके, किन्तु तुझे ये सर्प जरूर मार डालेंगे।

मरती हुई आंखेंसामन के मुंह से निकले अंतिम शब्द।

नागराज, मेरी मौत का बदला महान तूतेन खामेन तुझसे जरूर लेंगे। तैयार रहना, अपनी नींद पूरी करते ही वे आयेंगे। आह!

Printed at: Japan Art Press समाप्त